Publication: **Deshbandhu** I Region: **Delhi** I Date: **23/05/2014** I Page No.: **12**

रिलायंस लाइफ की प्रीमियम आय 40 फीसदी बढ़ी

नई दिल्ली, 22 मई (एजेंसियां)। अनिल अंबानी के रिलायंस समूह की कंपनी रिलायंस लाइफ इंश्योरेंस ने गुरुवार को कहा कि मार्च 2014 में समाप्त कारोबारी साल में उसकी नई कारोबारी प्रीमियम आय 40 फीसदी बढ़कर 1,934 करोड़ रुपए दर्ज की गई। कंपनी की नई कारोबारी प्रीमियम आय कारोबारी वर्ष 2012-13 में 1,377 करोड़ रुपए थी। बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) के आंकड़ों के मुताबिक आलोच्य अवधि में समस्त जीवन बीमा उद्योग के लिए नए कारोबार से संबंधित प्रीमियम आय साल-दर-साल आधार पर सिर्फ 11.6 फीसदी बढ़कर 1.20 लाख करोड़ रुपए रही, जो एक साल पहले 1.07 लाख करोड़ रुपए थी। रिलायंस लाइफ की कुल प्रीमियम आय (नए कारोबार से संबंधित प्रीमियम आय और नवीकरणीय प्रीमियम आय) इस दौरान छह फीसदी बढ़कर 4,283 करोड़ रुपए रही, जो एक साल पहले 4,045 करोड़ रुपए थी। रिलायंस लाइफ इंश्योरेंस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनुप राव ने एक बयान में कहा, चुनौतीपूर्ण बाजार परिस्थितियों के बाद भी नए कारोबार से संबंधित हमारी प्रीमियम आय 40 फीसदी और समस्त प्रीमियम छह फीसदी बढ़ी। कंपनी का शुद्ध लाभ हालांकि गत कारोबारी साल में घटकर 359 करोड़ रुपए रहा।